प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 19.04.2024

- **अवैध शस्त्र बरामदगी एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस की एक और कार्यवाही।**
- **थाना भोगनीपुर पुलिस की कार्यवाही से 01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ एक नफर वाँछित पुरस्कार घोषित गैंगस्टर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त पर 20,000 रुपये का ईनाम था घोषित।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर, श्री जोगन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु एवं वाँछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुये थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा दिनांक 18/19.04.2024 की रात्रि में मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर पुरस्कार घोषित (इनामिया 20000/-रु0)/वाँछित गैंगस्टर (मु0अ0सं0 43/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात) से संबंधित अभियुक्त सईम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 24 वर्ष को 01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ पिपरी मोड़ चौकी क्षेत्र अमरौधा के पास थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ- अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि साहब मैं तमंचा अपनी सुरक्षा के लिये रखता हूँ। मुझ पर थाना डेरापुर में 02 मुकदमें पंजीकृत हैं और मैं गैंगस्टर के एक मुकदमें में अभी वांछित भी हूँ, गैंगस्टर के मुकदमे में वाँछित होने के कारण पुलिस मुझे तलाश कर रही थी, इसलिये मैं छुपकर रहता था लेकिन आज मुझे पुलिस द्वारा पिपरी मोड़ चौकी क्षेत्र अमरौधा के पास थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से 01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ पकड़ लिया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 122/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया व मु0अ0सं0 43/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना डेरापुर कानपुर देहात में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

1. सईम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 36/2023 धारा 3/5A/8 गौवध निवारण अधिनियम थाना डेरापुर का0दे0
2. मु0अ0सं0 43/2024 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना डेरापुर का0दे0
3. मु0अ0सं0 122/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भोगनीपुर का0दे0

बरामदगी -

01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 अंजन कुमार सिंह
2. उ0नि0 शोभित कटियार चौकी प्रभारी अमरौधा
3. कां0 182 सोनवीर सिंह
4. कां0 536 रामाधार
5. कां0 1009 गौरव कुमार
6. कां0 534 हर्ष चौधरी